No. 1/94/Gosai Khanda/07-08-M
Government of India
Archaeological Survey of India
Patna Circle, J.C. Road, Patna

dated:

| Name of the Monument | Particulars | Date of sale of tender form | Submission of tender form | Date of opening of tender form |
|---|---|---|---|---|
| Excavated remains of Gosai Khanda, Sandalpur, Patna | Tender-cum-Auction of fishing right | 13.05.2026 to 20.05.2026 | On 21.05.2026 Till 03:00 PM | 21.05.2026 at 03:30 Hrs PM |

मि0 सं0 1/94/नि0 सह नी0/गोसाईखंडा/07–08–एम0 221

भारत सरकार

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण

पटना अंचल, पटना।

दिनांक: 12 MAY 2026

**मत्स्य (मछली) पालने एवं पकड़ने के अधिकार हेतु निविदा–सह–नीलामी की सूचना**

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण पटना अंचल कार्यालय के अन्तर्गत गोंसाईखंडा, संदलपुर, पटना स्थित पुरातत्वविक अधिकृत क्षेत्र तालाब में मछली पालने/पकड़ने, घास की कटाई एवं साफ–सफाई हेतु **दिनांक 27.05.2026 से 25.05.2028 (दो साल)** की अवधि के लिए मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

**नोटः– निविदा सह निलामी तालाब स्थल गोसाई खंडा संदलपुर, पटना का दो वर्षों यानि दिनांक 27.05.2026 से दिनांक 25.05.2028 तक के लिए आधार मूल्य (Reserve Price) रू. 1,10,000/– (एक लाख दस हजार रूपये मात्र)**

इच्छुक उम्मीदवार बोली लगाने हेतु इस बावत नियम व शर्ते तथा निविदा प्रपत्र **500–(पॉच सौ रूपया)** मात्र का भुगतान कर (जो लौटाया नहीं जाएगा) संरक्षण सहायक का कार्यालय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, उप अंचल, कुम्रहार, पटना से **दिनांक 13.05.2026 से 20.05.2026** तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा इस कार्यालय के वेबसाइट **www.asipatnacircle.gov.in** द्वारा भी निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। वेबसाइट से निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की स्थिति में **रूपये 500/– मात्र** का डिमान्ड ड्राफ्ट (निविदा राशि) अधीक्षण पुरातत्वविद्, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना अंचल, पटना, जिसका भुगतान किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक पटना के नाम देय हो, जमा करना होगा। **(निविदा प्रपत्र के साथ एक सरकारी पहचान पत्र की छायाप्रति जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी या अन्य सरकारी फोटो पहचान पत्र संलग्न करें)** सभी निविदा प्रपत्र दिनांक **21.05.2026 को 03:00 बजे** अपराह्न **तक अधीक्षण पुरातत्वविद्, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना अंचल, जे0 सी0 रोड, अण्टा घाट, पटना के कार्यालय में जमा करना होगा जो उसी दिन 03:30 बजे** अपराह्न में अधीक्षण पुरातत्वविद् के कार्यालय कक्ष में उपस्थित निविदा दाताओं/बोली लगाने वाले के समक्ष खोली जाएगी और बोली लगायी जाएगी।

प्रत्येक निविदा प्रपत्र के साथ **10,000/–रूपये (दस हजार रूपये) मात्र** का डिमान्ड ड्राफ्ट (अर्नेस्ट मनी के रूप में) अधीक्षण पुरातत्वविद्, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना अंचल, पटना, जिसका भुगतान किसी भी राट्रीयकृत बैंक पटना के नाम देय हो, जमा करना होगा। बिना अर्नेस्ट मनी की निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदा–सह–नीलामी में उच्चतम राशि बोलने वाले सफल व्यक्ति को प्रस्तावित राशि का कम से कम **50 प्रतिशत तत्काल** तथा **50 प्रतिशत** दो दिन के अन्दर जमा करना होगा। भुगतान निर्धारित समयावधि में जमा नहीं करने पर उनकी निविदा रद्द कर दी जाएगी। सफल निविदा प्राप्त कर्ता को अर्नेस्ट मनी की राशि, निविदा की अवधि 25.05.2028 के बाद उप अंचल प्रभारी द्वारा निर्गत **'No Damage Certificate' जमा करने** के उपरान्त लौटायी जाएगी। इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी बेवसाइट **www.asipatnacircle.gov.in** पर प्राप्त कर सकते हैं।

अधीक्षण पुरातत्वविद् किसी भी किसी भी निविदा या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार है।

12.5.2026

अधीक्षण पुरातत्वविद्

हरि उ.
12.5.2026
Superintending Archaeologist
Archaeological Survey of India
Patna Circle, Patna.



Sale Price :- 500/- Sl. No. (4-1)
Name of Contractor..........
Date of Application... .....
Date of issue of
Tender from.............
Date & time of -21/05/2026
Opening the Tender at 03:30 P.M

मूल्यः रूपया 500/– (रूपया पॉच सौ) मात्र

निविदा प्रपत्र सं0

## निविदा प्रपत्र

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, उप अंचल, कुम्हरार, पटना अंतर्गत केन्द्रीय संरक्षित स्मारक/स्थल, गोंसाई खंडा, संदलपुर, पटना बिहार स्थित तालाब में मछली पालने/पकड़ने, घास की कटाई एवं उसकी साफ सफाई हेतु **(जैसा है वैसा ही के आधार पर)** अनुज्ञप्ति के मंजूरी हेतु निविदा।

सेवा में,

भारत के राष्ट्रपति
द्वारा– अधीक्षण पुरातत्वविद्,
भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण,
पटना अंचल, जे0सी0 रोड, अन्टा घाट, पटना।

मैं / हमलोग, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, **उप अंचल,** कुम्हरार, पटना अंतर्गत केन्द्रीय संरक्षित स्मारक/स्थल, गोंसाई खंडा, संदलपुर, पटना, **बिहार स्थित तालाब में मछली पालने/पकड़ने, घास की कटाई एवं उसकी साफ सफाई** हेतु ज्ञापन में अन्तर्विष्ट अवधि के लिए अनुबंध के निबंधन एवं शर्तो के साथ अनुज्ञप्ति के मंजूरी हेतु निविदा प्रस्तुत करता हूँ / हैं।

(क) विवरण –**उप अंचल, कुम्हरार, पटना अंतर्गत केन्द्रीय संरक्षित स्मारक/स्थल, गोंसाई खंडा, संदलपुर, पटना बिहार स्थित तालाब में मछली पालने, पकड़ने एवं उसकी साफ–सफाई के लिए अनुज्ञप्ति।**

(ख) आरंभ – दिनांक **27.05.2026 से 25.05.2028** (दो वर्ष) तक की अवधि के लिए अनुबंध।

(ग) अर्नेस्ट मनी – रूपये 10000/– (रूपये दस हजार) डी0डी0 सं0 ........................
..........................................................................................

(घ) निविदित राशि– अंक में .............................. रूपये (शब्दों में)–.................................
..........................................................................................

मैं / हमलोग अनुबंध के निबंधन एवं शर्तों के साथ दिनांक ...................... **से** ...
................ तक की संविदा की अवधि के लिए निविदा करता हूँ/हैं।

मैं/हमलोग अनुबंध के ज्ञापन में अन्तर्विष्ट निबंधन एवं शर्तों को मानने के लिए सहमत हूँ/हैं, जो मेरे / हमलोग द्वारा पूर्णरूप से पढ़ा एवं समझा गया है। भूल/चूक की स्थिति में, मेरे/हमलोगों द्वारा जमा की गई प्रतिभूति राशि, राष्ट्रपति, भारत सरकार या उनके उत्तराधिकारी (सक्षम अधिकारी) के पक्ष में जब्त किया जाएगा। मैं / हमलोग, निविदा प्रपत्र में संलग्न अनुबंध के निष्पादन का वचन देता हूँ/हैं।

मैं/हमलोग राष्ट्रीय बैंक द्वारा प्रदत्त डी0डी0 सं0 .................................. दिनांक .......... ..................... रूपये .................................का डिमाण्ड ड्राफ्ट निविदा प्रपत्र के साथ अर्नेस्ट मनी के रूप में जमा कर रहा हूँ/हैं, जो अनुबंध ज्ञापन के नियम सं0 .................. के तहत तथा सफल निविदा के स्थिति में, प्रतिभूति राशि के रूप में परिवर्तित होगा जिसकी पूरी राशि, बिना किसी पूर्वाग्रह के, भारत के राष्ट्रपति या उत्तराधिकारी (सक्षम अधिकारी) के पक्ष में जब्त किया जाए।

कार्यालय, निविदा के समाप्ति की तिथि से तीन महीने की अवधि तक पुनः स्वीकार हेतु खुला रहेगा।

निविदाकर्ता का हस्ताक्षर

दिनांकः–
गवाहः–

पता एवं व्यवसायः–

स्वामित्व, बिक्री की स्थिति में निविदा स्वंय स्वामी द्वारा हस्ताक्षर होना चाहिए या उसके द्वारा अधिकृत अटॉर्नी द्वारा। फर्म साझेदारी की स्थिति में मध्यस्थ नियम के तहत साझेदारों को आपसी अनुबंध–दस्तावेज के आधार पर, निविदा सभी साझेदारों द्वारा या उनके द्वारा अधिकृत अटॉर्नी द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए। यदि निविदाकर्ता/निविदाकार किसी कम्पनी के मालिक हैं तो निविदा एवं अनुबंध पर स्वयं मालिक को हस्ताक्षर करना होगा।

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, अधीक्षण पुरातत्वविद् का कार्यालय उपरोक्त निविदा स्वीकार करता है।

## निबंधन एवं शर्तें

1. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के केन्द्रीय संरक्षित स्मारक, उप अंचल, **कुम्हरार, पटना अंतर्गत केन्द्रीय संरक्षित स्मारक/स्थल, गोंसाई खंडा, संदलपुर, पटना बिहार बिहार** स्थित तालाब में मछली पालने/पकड़ने, घास की कटाई एवं उसकी साफ–सफाई हेतु दिनांक **27.05.2026 से 25.05. 2028** (दो वर्ष) तक की अवधि के लिए निर्धारित निविदा प्रपत्र का मूल्य 500 रूपये के साथ अनुज्ञप्ति निर्गत हेतु मुहरबंद निविदा आवंटित करता है। निविदाकार/निविदाकर्ता को निम्नलिखित अनुबंध मान्य होगा।

2. निविदाकार/निविदाकर्ता को उप अंचल, **कुम्हरार, पटना अंतर्गत केन्द्रीय संरक्षित स्मारक/स्थल, गोंसाई खंडा, संदलपुर, पटना बिहार** स्थित तालाब में मछली पालने/पकड़ने एवं घास की कटाई को आरंभ करने के पूर्व उचित मुल्य के स्टाम्प पेपर के साथ लिखित अनुबंध करना होगा। स्टाम्प पेपर एवं निबंधन शुल्क का खर्च स्वयं निविदाकार द्वारा देय होगा। निविदा स्वीकार करने की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर निविदाकार को अनुबंध पर हस्ताक्षर करना होगा। ऐसा नहीं करने की स्थिति में, निविदाकार के अग्रिम राशि नियम व शर्तों के तहत जब्त कर लिया जाएगा।

3. जिस निविदाकार का निविदा स्वीकार किया जाएगा उन्हें संविदा–प्रपत्र में दर्शाये गये अनुज्ञप्ति के शर्तों का अनुपालन करना अनिर्वा होगा।

4. दिनांक **21.05.2026 को 03:00 बजे** अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा निविदा प्राप्त किया जाएगा तथा उसी दिन **03:30 बजे** अपराह्न अधोहस्ताक्षरी या उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा निविदाकार/डाककर्ता की उपस्थिति में निविदा खोली जाएगी एवं डाककर्ता द्वारा बोली लगायी जाएगी।

5. अव्यस्क द्वारा किया गया निविदा तब तक स्वीकार नहीं होगा जबतक कि उसकी ओर से अभिभावक द्वारा निविदा हस्ताक्षरित नहीं होगा।

6. निविदाकार/निविदाकर्ता को अग्रिम राषि के रूप में किसी राष्ट्रीकृत बैंक द्वारा प्रदत्त 10,000/– (रूपया दस हजार) मात्र का बैंक ड्राफ्ट के रूप में निविदा के साथ जमा करना होगा, जो नीलामी के उपरान्त असफल निविदाकार को वापस कर दिया जाएगा। यह अग्रिम राशि, किसी राष्ट्रीकृत बैंक द्वारा प्रदत्त बैंक ड्राफ्ट अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में देय होना चाहिए। जिस निविदाकार का निविदा स्वीकार होगा, उसके बैंक ड्राफ्ट को लौटाया नहीं जाएगा तथा उक्त डी0डी0 की राशि को प्रतिभूति राशि के रूप में परिवर्तित समझा जाएगा। वैसे सफल निविदाकार की अग्रिम राशि, जो अनुज्ञप्ति को अस्वीकार करेगा या जो अनुबंध–निष्पादन में असफल होगा या जो निविदा शुल्क जमा नहीं करेगा, जब्त कर लिया जाएगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार्य नहीं होगा।

7. अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपरोक्त मछली पालने, पकड़ने एवं उसकी साफ–सफाई के लिए एक विशेष अवधि दिनांक **27.05.2026 से 21.05.2028** तक के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान की जाएगी, जो अन्य प्रयोजन के लिए प्रयोग नहीं किया जाएगा।

8. निविदा अगर किसी फर्म/संस्था द्वारा प्रस्तुत की जाती है तो ऐसी स्थिति में संस्था के प्रत्येक साझेदार द्वारा निविदा हस्ताक्षरित होगा। किसी साझेदार की अनुपस्थिति में उसके द्वारा अधिकृत अटॉर्नी द्वारा निविदा हस्ताक्षरित होगा तथा संस्था के साझेदारों को स्पष्ट करना होगा कि संस्था भारतीय साझेदारी अधिनियम के तहत पंजीकृत है।

9. निविदा में दर्शाये गये राशि को अंकों एवं शब्दों में दर्शाना होगा।

10. किसी भी परिस्थिति में निविदा शुल्क में कोई छूट या रियायत नहीं दी जाएगी।

11. अधीक्षण पुरातत्वविद् भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना अंचल के पास बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

12. चूँकि यह समझा जाएगा कि निविदाकार निविदा के पहले अनुबंध में दर्शाये गये सभी निबंधन एवं शर्तों को अध्ययन कर लिया है तथा उसके अनुपालन हेतु मान्य है।

13. 18 वर्ष से कम आयु वाले व्यक्ति को उपरोक्त कार्य हेतु अनुज्ञप्ति अभिकर्ता के रूप में कार्य करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

14. सफल निविदाकार के निविदा स्वीकार होने पर उन्हें अग्रिम के रूप में अनुज्ञप्ति राशि जमा करना होगा, जो किसी राष्ट्रीकृत बैंक द्वारा प्रदत्त बैंक ड्राफ्ट के रूप में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना अंचल, पटना में देय होगा।

15. अनुज्ञप्ति राशि प्राप्त होने तथा अनुबंध निष्पादन के बाद ही उक्त तालाब में मछली पालने, पकड़ने एवं उसकी साफ–सफाई हेतु उन्हें सौंपा जाएगा।

16. नगरपालिका बोर्ड के नियमों को, यदि कोई नियम है, तो उसे पालन करना होगा तथा किसी प्रकार का उल्लंधन के लिए स्वयं निविदाकार उत्तरदायी होगा।

17. प्रत्येक निविदाकार अधीक्षण पुरातत्वविद्, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना अंचल पटना को अपना आवेदन/निविदा प्रपत्र भेजेंगे।

18. निविदाकार उपरोक्त तालाब को किसी उप पट्टा पर नहीं लगाएगा।

19. अनुज्ञप्ति के समाप्त होने या उसके पूर्व समाप्ति पर निविदाकार को परिसर को खाली कर शांतिपूर्वक अधीक्षण पुरातत्वविद्, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना अंचल, पटना को सौंपना होगा।

20. निविदाकार के कोई भी कर्मचारी, स्मारक के आस–पास अनावष्यक रूप से नहीं घूमेगा और न ही शोरगुल करेगा और न ही किसी पर्यटक एवं विभागीय कर्मचारियों के साथ किसी प्रकार का अनुचित व्यवहार करेगा।

21. निविदाकार किसी प्रकार का कोई स्थायी या अस्थायी निर्माण कार्य नहीं करेगा तथा प्राचीन स्मारक एवं उसके परिसर को किसी प्रकार का क्षति नहीं पहुँचाएगा।

22. निविदाकर्ता अच्छी तरह संतुष्ट हो लें कि वर्तमान में यथास्थिति का कोई भी कारक (जैसा है वैसा ही के आधार पर) मछली के जीवन के नुकसान का कारण नहीं बनेगा। निविदा की अवधि में उक्त तालाब की साफ–सफाई, मछली मरने की स्थिति में उसकी तत्काल सफाई की जिम्मेदारी निविदाकर्ता की होगी। इस संदर्भ में तत्संबंधी किसी भी उल्लंन के लिए अधीक्षण पुरातत्वविद् को निविदाकर्ता पर उचित जुर्माना करने का अधिकार होगा एवं इसके भुगतान के बिना प्रतिभूति राशि लौटायी नहीं जाएगी।

23. निविदाकार परिसर को साफ–सुथरा रखेगा तथा ए0एम0ए0एस0आर0 अधिनियम 1958 तथा नियम 1959 का उल्लंधन नहीं करेगा।

24. निविदाकार को अपनी सम्पत्ति की रक्षा स्वयं करनी होगी तथा उसकी क्षति होने की स्थिति में अधीक्षण पुरातत्वविद्, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना अंचल, पटना उत्तरदायी नहीं होगा।

25. सूर्योदय से सूर्यास्त के बीच ही मछली पकड़ने का कार्य करना होगा। यदि निविदाकार के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई शिकायत मिलती है और अधीक्षण पुरातत्वविद्, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना अंचल, पटना द्वारा सही पाया जाता है तो अनुज्ञप्ति राशि लौटाए बिना अनुज्ञप्ति रद्द कर दी जाएगी तथा अनुज्ञप्ति राशि किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा।

26. निविदाकार संरक्षित क्षेत्र में खुदाई /उत्खनन कार्य नहीं करेगा, तालाब में पानी रखने हेतु कार्य के लिए अनुमति दी जाती है लेकिन 1 फीट की गहराई से अधिक के लिए नहीं। खुदाई के दौरान अगर निविदाकार को पुरातात्विक अवषेश प्राप्त होता है तो उसकी सूचना तत्काल संरक्षण सहायक/केयर टेकर को देना होगा तथा खुदाई कार्य तब तक बंद रहेगा तब तक कि स्थल का निरीक्षण कार्य पूरा नहीं हो जाएगा।

27. मछली पालने एवं पकड़ने के दौरान अगर स्मारक को कोई नुकसान होता है तो अनुज्ञप्तिदाता द्वारा निर्धारित क्षति को निविदाकार द्वारा क्षति पूर्ति किया जाएगा।

28. चेक या नकद द्वारा भुगतान स्वीकार्य नहीं होगा। केवल राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा प्रदत्त बैंक ड्राफ्ट ही स्वीकार्य होगा।

29. किसी विवाद की स्थिति में विवाद महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, धरोहर भवन, तिलक मार्ग, नई दिल्ली को अग्रसारित किया जाएगा, जिसका निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

मैं, उपरोक्त निबंधन एवं शर्तों को स्वीकार करता हूँ एवं अनुपालन हेतु वचन देता हूँ।

(निविदाकार का हस्ताक्षर)

पूरा नाम एवं पता